तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कलश यात्रा के साथ राम मंदिर में हुआ यज्ञ का शुभारंभ,...



12 न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ...



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय बजट से छोटे उद्योगों को मिलेगा संबल: जैन



**नवागढ़।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सहप्रभारी सोशल मीडिया आशीष जैन ने नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को मजबूती देने के प्रावधान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम हैं। आशीष जैन ने कहा कि सरकारी खरीद को व्यापारिक देयक निपटान व्यवस्था से जोड़ने से छोटे व्यापारियों को समय पर भुगतान मिलेगा और स्पष्टता बढ़ेगी। बिना जमानत ऋण व ऋण गारंटी योजनाओं से नए उद्यमियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में उद्योग, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### धारदार हथियार रखने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर घूमने और लोगों को डराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सेक्टर 6 ई-मार्केट, बीएसपी अस्पताल गेट के सामने अवैध रूप से धारदार हथियार रखकर लोगों को डराने वाले को पकड़ा गया। भिलाई नगर की पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना मिलने पर युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। युवक का नाम सेक्टर 6 निवासी किशोर राम उर्फ बबुआ होना बताया है। आरोपी के कब्जे से तलवार, चाकू जब्त किया गया।

### 19 थानों से आबकारी के 69 प्रकरण मिले

**भिलाई।** जिले के 19 थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पुलिस ने 69 प्रकरण दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए अवैध शराब बेचने, परिवहन, संग्रहण को लेकर अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सघन जांच करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### माह भर बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र में मिले महिला के शव के मामले में पुलिस को अब तक कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग पाया है। शिनाख्त करने के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर महिला के फोटो को वायरल भी किया। मगर शिनाख्त करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस ने जिले के ग्रामीण व शहरी थानों में लापता की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। महिला का शव कुम्हारी रेलवे ट्रैक के आसपास झाड़ियों में मिला था।

## विश्व आद्रभूमि दिवस पर 'वुमेन फॉर वेटलैण्ड्स ' अभियान का प्रज्ञा निर्वाणी ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने जिले की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर गिधवा-परसदा-नगधा पक्षी विहार पहुंचकर 'वूमेन फ़ॉर वेटलैण्ड्स ' अभियान का पोस्टर लॉन्च किया,इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, स्कूली छात्राएं एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दुर्ग वन मंडल के डीएफओ दिनेश कपिल, रेंजर माधुरी तिवारी, प्रसिद्ध पक्षी मित्र जयंत जायसवाल सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही,सभी ने पोस्टर के माध्यम से आर्द्रभूमि संरक्षण का संकल्प लिया,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि गिधवा-परसदा पक्षी विहार बेमेतरा जिले की सबसे अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है,यह एक प्रकृति निर्मित जलक्षेत्र है, मानव निर्मित नहीं बल्कि प्राकृतिक रूप से विकसित हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां विश्व के विभिन्न देशों से सात समंदर पार प्रवासी पक्षी अक्टूबर से फरवरी तक आते हैं और यह क्षेत्र जैव विविधता का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं ने जल, जैव विविधता और आर्द्रभूमि संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया साथ ही साथ सभी ने वेटलैंड क्षेत्र के सफ़ाई अभियान में भी भाग लिया।

### गिधवा-परसदा पक्षी विहार में पोन्च



#### रामसर डॉटर घोषित करने के लिए केंद्रीय मंत्री को पूर्व में लिख चुकी है पत्र

प्रज्ञा निर्वाणी ने जानकारी दी कि गिधवा-परसदा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु इसे रामसर साइट घोषित करने के लिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रामसर साइट घोषित होते ही यहां विश्वभर के वैज्ञानिक, शोधार्थी, पर्यावरण प्रेमी और पर्यटक बड़ी संख्या में आएंगे। इससे क्षेत्र का नाम विश्व मानचित्र पर स्थापित होगा और चहुंमुखी विकास को गति मिलेगी।"

## कार्यक्रम : यादव महोत्सव एवं अहिर नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# यादव समाज को संगठित होकर शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ना होगा : मंत्री यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने की सामुदायिक भवन व नृतक दलों को प्रोत्साहन राशि की घोषणा





प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि यादव समाज छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग की दूसरी सबसे बड़ी आबादी होने के बावजूद अपेक्षित प्रभाव इसलिए नहीं दिखा पा रहा है, क्योंकि समाज आर्थिक रूप से अभी कमजोर है। आज के दौर में केवल संख्या नहीं, बल्कि शिक्षा, आर्थिक मजबूती और संगठित प्रयास ही समाज को आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि शिक्षा, रोजगार और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेकर अपनी स्थिति को मजबूत करें, क्योंकि "संगठन में ही शक्ति है।"यह विचार शिक्षा मंत्री ने शहर के बेसिक मैदान में आयोजित यादव महोत्सव एवं अहिर नृत्य प्रतियोगिता के आयोजन में मौजूद सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यादव ठेठवार समाज द्वारा आयोजित इस महोत्सव में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सामाजिकजन, युवा,महिलाएं एवं अहिर नृतक दल शामिल हुए। यह आयोजन समाज की सांस्कृतिक विरासत, एकता और संगठनात्मक शक्ति का जीवंत उदाहरण बना। महोत्सव के अंतर्गत दोपहर को विभिन्न ग्रामों से आए अहिर नृतक दलों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे शहर का भ्रमण करते हुए मुख्य समारोह स्थल बेसिक मैदान पहुँची। पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ों की गूंज और शौर्य से परिपूर्ण अहिर नृत्य ने पूरे वातावरण को उत्साह और गौरव से भर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव रहे, जबकि अध्यक्षता स्थानीय विधायक दीपेश साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के प्रांतीय युवा अध्यक्ष परमानंद यादव, भाटापारा महासभा अध्यक्ष पहुपराम यदु, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिश यादव, प्रदेश महासचिव समलिया यादव, प्रांतीय युवा महासचिव नरोत्तम यदु, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र यदु सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष जितेन्द्र यदु ने दिया। अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा करते हुए अहिर नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक नृतक दल को 40-40 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की, जिसका उपस्थित जनसमूह ने तालियों से स्वागत किया। उन्होंने समाज प्रमुखों से स्थानीय प्रशासन और ग्राम पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर समाज की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यादव समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और यह समाज ▶▶| शेष पेज 12 पर

## राष्ट्रीय शालेय रग्बी में हसदा के तीन खिलाड़ियों का चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के रमजान, टिकेश्वरी व श्रद्धा को राष्ट्रीय स्तर पर मिला मौका

दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका टीम का चयन कर लिया गया है। इस प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के लिए गौरव का क्षण उस समय आया जब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी माध्यम स्कूल हसदा बेरला के तीन होनहार खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की राज्य टीम में किया गया।

जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रमजान अली ने छत्तीसगढ़ की बालक अंडर-19 रग्बी टीम में स्थान सुनिश्चित किया। वहीं बालिका अंडर-19 वर्ग में स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा की छात्राएं टिकेश्वरी निर्मलकर एवं श्रद्धा मरकाम का चयन छत्तीसगढ़ की शालेय रग्बी टीम में किया गया है। तीनों खिलाड़ियों का चयन उनके शानदार खेल कौशल, अनुशासन और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका रग्बी टीमें आगामी राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कल दिल्ली के लिए रवाना होंगी। खिलाड़ियों के चयन की खबर मिलते ही स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा में हर्ष और उत्साह का माहौल है। वहीं खिलाड़ियों के परिजनों ने भी राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर गर्व और खुशी व्यक्त की। गौरतलब है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा पहले भी कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा चुका है। वर्तमान में यह विद्यालय जिले में रग्बी और खो-खो की नर्सरी के रूप में पहचान बना चुका है। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव ने बताया कि राष्ट्रीय शालेय ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाना प्राथमिकता : गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ भाजयुमो संगठन को मिली नई ऊर्जा, गौरव यदु बने जिला महामंत्री

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला बेमेतरा की नवगठित जिला कार्यकारिणी में संगठन को मजबूती देते हुए गौरव यदु को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस नियुक्ति को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं और युवाओं में खासा उत्साह एवं हर्ष का माहौल देखा जा रहा है। साफ-सुथरी छवि, सक्रिय संगठनात्मक अनुभव और युवाओं के बीच मजबूत पकड़ रखने वाले गौरव यदु को यह दायित्व सौंपे जाने को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, युवा मोर्चा को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की रणनीति के तहत यह नियुक्ति की गई है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए गौरव यदु ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरहिया सहित जिला भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। गौरव यदु ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले के युवाओं के बीच भारतीय जनता पार्टी की नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की सहभागिता के साथ युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## जन चौपालों में श्रमिकों को दी जा रही विकसित भारत गारंटी व जल संरक्षण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ मनरेगा कार्यस्थलों पर रोजगार व आजीविका मिशन (ग्रामीण) की विस्तृत समझाइश




जिले के विकासखंड अंतर्गत लगभग सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत श्रममूलक कार्य निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को विशेष रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप आगामी दिवसों में महात्मा गांधी नरेगा के स्थान पर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) का संचालन किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न कार्य स्थलों पर श्रमिकों को इस नई पहल के संबंध में जन चौपाल के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

साथ ही विभिन्न माध्यमों से योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है। विकासखंड बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत बारगांव में मनरेगा योजना के तहत संचालित तालाब गहरीकरण कार्य स्थल पर जन चौपाल का आयोजन किया गया, जहां लगभग 350 श्रमिक कार्यरत हैं। कार्य स्थल पर ही श्रमिकों को आजीविका डबरी निर्माण, विकसित भारत गारंटी, रोजगार एवं आजीविका मिशन तथा जल संरक्षण हेतु प्रस्तावित विभिन्न कार्यों की जानकारी विस्तार से दी गई।

जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराते ▶▶| शेष पेज 12 पर

## प्रशिक्षण के दूसरे दिन 26 शिक्षक अनुपस्थित, कार्रवाई हेतु भेजा गया पत्र

# बालवाड़ी के बच्चों में खेल-खेल में होगा भाषाई कौशल का विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ डाइट बेमेतरा में बालवाड़ी प्रशिक्षण का प्रथम चरण प्रारंभ



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में सोमवार से बालवाड़ी प्रशिक्षण का प्रथम चरण प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में बालवाड़ी के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिसमें खेल आधारित शिक्षण के माध्यम से भाषाई कौशल विकसित करना प्रमुख उद्देश्य है।

बालवाड़ी प्रशिक्षण के लिए कुल 160 शिक्षक-शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था, लेकिन प्रथम चरण के दूसरे दिवस केवल 134 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में 26 शिक्षक-शिक्षिकाओं की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर, जिला कलेक्टर बेमेतरा एवं जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा को शिक्षक नाम व संस्था सहित पत्र प्रेषित किया गया है।

**26 स्कूलों के शिक्षक प्रशिक्षण में रहे अनुपस्थित:** अनुपस्थित शिक्षकों में बेमेतरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बटार, सुखाताल, उघरा, बिलाई, झिरिया, बेरला विकासखंड के सिलघट, गब्दा, लाटा, सरदा, बोतका, रवेली, पतोरा, चेटवा, बहेरघट, आनंदगांव, भाठासोरही, मंगलौर, साजा विकासखंड के करमु, बरगांव, हाथीडोब, बुंदेली, करही, खामडीह तथा नवागढ़ विकासखंड के गाड़ामोर, अतरगवां एवं घोटिया स्कूलों के शिक्षक शामिल हैं। कुल 26 स्कूलों के शिक्षक प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए।

### ईसीसीई के सिद्धांतों पर विस्तार से की गई चर्चा

प्रशिक्षण के दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर विधि शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2022 (एनसीएफ) के संदर्भ में ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) का परिचय देते हुए उसके सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि ईसीसीई बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक विकास के लिए आवश्यक देखभाल, स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक सीखने के अवसर प्रदान करता है, जो पूरी तरह खेल आधारित शिक्षण पर केंद्रित है। इस दौरान थीम मैप आधारित शिक्षण, अधिगम शैली, टीम आधारित शिक्षण एवं पूर्व ज्ञान से नए ज्ञान के समावेशन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बेमेतरा से साकेत बिहारी ने बालवाड़ी शिक्षकों के दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों में सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना जैसे भाषाई कौशल विकसित करने के लिए कविता, कहानी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## जिले में लक्ष्य से डेढ़ गुना अधिक बीज उत्पादन का हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ निर्धारित 1348 हेक्टेयर के बजाय 2086 हेक्टेयर में कृषकों का पंजीयन



जिले ने कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिले में संचालित बीज उत्पादन कार्यक्रम ने इस वर्ष लक्ष्य से कहीं अधिक सफलता अर्जित करते हुए एक नई मिसाल कायम की है।निर्धारित 1348 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध जिले में कुल 2086 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन हेतु कृषकों का पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक है। यह उपलब्धि जिले के किसानों की बढ़ती जागरूकता, कृषि विभाग के सतत प्रयासों तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से दलहन एवं तिलहन फसलों के प्रमाणित बीज उत्पादन को प्राथमिकता दी गई। कृषि विभाग द्वारा इन फसलों के महत्व को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम का संचालन किया गया, जिससे कृषकों का रुझान बीज उत्पादन की ओर बढ़ा।

कार्यक्रम की सफलता में कृषि अधिकारियों एवं विस्तार कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, तथा पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाकर जानकारी दी गई। इन प्रयासों से किसानों का विश्वास बढ़ा और बड़ी संख्या में कृषकों ने स्वेच्छा से बीज उत्पादन कार्यक्रम में सहभागिता की।इस कार्यक्रम की सफलता से जिले में दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार की प्रबल संभावनाएं बन गई हैं। यह पहल पोषण सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य में सुधार तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**आगामी रबी सीजन में मिलेगा सीधा लाभ :** इस बढ़े हुए पंजीयन का सबसे बड़ा लाभ आगामी रबी सीजन में देखने को मिलेगा। जिले के किसानों को अब दलहन-तिलहन ▶▶| शेष पेज 12

## खबर संक्षेप



### उपमुख्यमंत्री क्षेत्र के लोगों से की मुलाकात

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कबीरधाम प्रवास के दौरान विधायक कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने लोगों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को सुना और उनके निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और वे हर संभव प्रयास करेंगे कि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए वे हर समय उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष कवर्धा गणेश तिवारी, बोडला नंद श्रीवास, नरेंद्र मानिकपुरी, मनीराम साहू, अमर कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### पूर्णिमा चंद्राकर को पार्टी ने बनाया जिलाध्यक्ष

**कवर्धा।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



उदित राज ने गत दिवस प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर की सहमति से प्रदेश एवं कवर्धा जिला कार्यकारिणी की नई सूची जारी की है। जारी सूची में तीन प्रदेश महासचिव, तीन प्रदेश सचिव, एक प्रदेश समन्वयक के साथ आधा दर्जन जिला अध्यक्षों को जिले की जिम्मेदारी सौंपी हैं। कबीरधाम जिले से पुर्णिमा चंद्राकर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। पुर्णिमा चंद्राकर ने पार्टी द्वारा उन पर भरोसा जताने महती जिम्मेदारी देने के लिए पार्टी संगठन का आभार व्यक्त किया है।

# गन्ने की कीमत बढ़ाने व धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि और धान खरीदी की अंतिम तिथि आगे बढ़ाने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने बुधवार को कवर्धा-मुंगेली नेशनल हाईवे 130ए पर पंडरिया के पास चक्काजाम किया। किसानों के इस आंदोलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों, यात्रियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

भारतीय किसान संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में किसान पंडरिया के समीप एकत्रित हुए और सड़क पर बैठकर सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था कि जिले में स्थित शक्कर कारखाने में गन्ने का समर्थन मूल्य बीते पांच वर्षों से नहीं बढ़ाया गया है। जबकि बाहरी बाजारों और अन्य शुगर फैक्ट्रियों में गन्ने का भाव 450 से 500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच चुका है। इसके बावजूद स्थानीय किसानों को मजबूरी में कम दरों पर गन्ना बेचने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है, जिससे उन्हें लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसान नेताओं ने बताया कि उत्पादन लागत, खाद, बीज, कीटनाशक और मजदूरी के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन इसके अनुरूप गन्ने की कीमत नहीं बढ़ाई गई। इससे किसानों की आय प्रभावित हो रही है और खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। संघ ने मांग की कि गन्ने का समर्थन मूल्य तत्काल बढ़ाकर किसानों को राहत दी जाए। इसी के साथ भारतीय किसान संघ ने धान खरीदी को लेकर भी गंभीर चिंता जताई।

किसानों का कहना है कि जिले में अभी भी हजारों किसान ऐसे हैं, जो विभिन्न कारणों से अपनी धान की फसल समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाए हैं। तय समय-सीमा समाप्त हो जाने से किसानों में असमंजस और चिंता की स्थिति बनी हुई है।



### किसान संघ ने शासन-प्रशासन के समक्ष रखी मांगें

किसान संघ ने मांग की कि धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए और शेष बचे सभी किसानों का धान खरीदा जाए। चक्काजाम के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलने पर राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर स्थिति को नियंत्रित किया। अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा और इस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। अधिकारियों के समझाने के बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त किया, जिससे यातायात पुनः बहाल हो सका। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने कहा कि यह आंदोलन फिलहाल सांकेतिक है। यदि शासन-प्रशासन द्वारा किसानों की मांगों पर शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो संघ आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान अपने हक के लिए शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक आंदोलन के लिए तैयार हैं।

**चहलकदमी:** ट्रैप कैमरों में बाघ-बाघिन व शावकों की तस्वीरें कैद

# भोरमदेव अभ्यारण में परिवार के साथ नजर आया बाघ जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण से एक सुखद और उत्साहजनक खबर सामने आई है। वर्षों बाद एक बार फिर यहां बाघों की स्थायी मौजूदगी दर्ज की गई है। वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रैप कैमरों में बाघ, बाघिन और उनके शावकों की स्पष्ट तस्वीरें कैद हुई हैं। इससे यह पुष्टि हुई है कि भोरमदेव अभ्यारण और उससे जुड़े वन क्षेत्र अब बाघों के लिए सुरक्षित और अनुकूल आवास बनते जा रहे हैं। बाघों की वापसी ने न केवल वन्यजीव प्रेमियों को उत्साहित किया है, बल्कि जिले में वन संरक्षण के प्रयासों को भी नई पहचान दी है। भोरमदेव की पहाड़ियों घने साल और सागौन के जंगलों में इन दिनों बाघ-बाघिन अपने शावकों के साथ बेखौफ विचरण कर रहे हैं। कैमरों में बाघिन को शावकों के साथ शिकार करते हुए भी देखा गया है। यह दृश्य इस बात का संकेत है कि जंगल की पारिस्थिति संतुलित है और शिकार प्रजातियों की पर्याप्त उपलब्धता है। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी जंगल में बाघों की मौजूदगी उस क्षेत्र की जैव विविधता और स्वास्थ्य का सबसे मजबूत संकेत मानी जाती है। वन विभाग के अनुसार, वर्तमान में जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में चार से अधिक बाघ और बाघिन सक्रिय हैं। हाल के दिनों में उनकी गतिविधियां चिल्फी, बेंदा, झलमला, जामुनपानी, भोरमदेव अभ्यारण के आंतरिक क्षेत्र तथा बांधा-बेरियल से जामुनपानी मार्ग के आसपास दर्ज की गई हैं। कई स्थानों पर बाघों के पैरों के निशान और मूवमेंट के स्पष्ट प्रमाण भी मिले हैं। सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने बाघों की सटीक लोकेशन सार्वजनिक नहीं की है और लगातार ट्रैकिंग व निगरानी की जा रही है।

### कान्हा से भोरमदेव की ओर बाघों का रुख



वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि भोरमदेव में बाघों की संख्या बढ़ने के पीछे मध्यप्रदेश के कान्हा नेशनल पार्क में बाघों की बढ़ती आबादी एक प्रमुख कारण है। कान्हा में क्षेत्रीय दबाव बढ़ने के चलते कई बाघ और बाघिन नए, शांत और सुरक्षित आवास की तलाश में छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जंगलों की ओर बढ़ रहे हैं। भोरमदेव का घना जंगल, कम मानवीय हस्तक्षेप और पर्याप्त शिकार प्रजातियां इसे बाघों के लिए आदर्श बनाती हैं। पहले भी बाघिनें यहां प्रजनन के लिए आती रही हैं, लेकिन इस बार उनका लंबे समय तक शावकों के साथ टिके रहना इस क्षेत्र की बढ़ती उपयुक्तता को दर्शाता है।

### जंगल सफारी की तैयारी, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

बाघों की मौजूदगी के साथ ही वन विभाग ने भोरमदेव अभयारण्य में जंगल सफारी शुरू करने की तैयारियां भी तेज कर दी हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, अप्रैल या मई माह से आम पर्यटकों के लिए सफारी की शुरुआत की जा सकती है। इसके संचालन के लिए गुजरात की एक अनुभवी कंपनी को ठेका दिया गया है, जो समिति के माध्यम से सफारी का प्रबंधन करेगी। सफारी के लिए टिकट बुकिंग पूरी तरह ऑनलाइन होगी। इससे न केवल पर्यटकों को बाघों और अन्य वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में भी सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है।

# राजनीति का विद्रूप चेहरा, निष्ठा को निराशा और चाटुकारिता की चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

आज लगभग हर उस राज्य या क्षेत्र में जहां किसी भी राजनीतिक दल की सरकार सत्तासीन होती है, वहां संगठन के भीतर स्पष्ट रूप से दो वैचारिक ध्रुव विकसित हो जाते हैं। यह विभाजन केवल पद या प्रतिष्ठा का नहीं, बल्कि सिद्धांतों और कार्यशैली का होता है। एक पक्ष उन जमीनी कार्यकर्ताओं का है, जो दल की विचारधारा की आधारशिला होते हैं। ये वे पुराने और खुद्दार कार्यकर्ता हैं जिन्होंने संघर्ष के दिनों में पार्टी का झंडा थामे रखा और जनता के बीच अपनी गहरी पैठ बनाई। उनकी निष्ठा निस्वार्थ और वैचारिक होती है। इसके विपरीत, दूसरा पक्ष उन अवसरवादी तत्वों का है जो सत्ता की चमक से आकर्षित होकर दल में शामिल होते हैं। इनके लिए राजनीति जनसेवा का माध्यम न होकर निजी लाभ और आर्थिक कमाई का एक जरिया मात्र होती है। हवा-हवाई सक्रियता और चाटुकारिता के दम पर ये सत्ता के करीब तो पहुंच जाते हैं, लेकिन संगठन की वैचारिक गहराई को खोखला कर देते हैं। सत्ता के इस दौर में इन दो खेमों के बीच का यह आंतरिक संघर्ष न केवल राजनीतिक दलों के भविष्य को प्रभावित कर रहा है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और जन-प्रतिनिधित्व की शुचिता के सामने भी एक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### सत्ता का मद और चमचों का घेरा

जैसे ही चुनाव के परिणाम आते हैं और नेता की कुर्सी पक्की होती है, परिदृश्य पूरी तरह बदल जाता है। वह कार्यकर्ता जिसने पसीना बहाया, लाठियां खाईं और घर-घर जाकर नेता के लिए वोट मांगे, अचानक अदृश्य हो जाता है। उसकी जगह ले लेती है चाटुकारों और दलालों की फौज। ये वे लोग होते हैं जिन्हें विचारधारा से कोई सरोकार नहीं होता, जिनका एकमात्र धर्म उगते सूरज को अर्घ्य देना है। और सत्ता मद में चूर नेता, इन चरण-वंदक चापलूसों को ही अपना असली हितैषी मान बैठते हैं। धीरे-धीरे ये चाटुकार लोग ही नेता जी के आंख और कान बन जाते हैं, जिससे नेता का जनता से सीधा संपर्क कट जाता है।

### प्रताड़ित होते हैं सच बोलने वाले कार्यकर्ता

एक निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी और नेता का सच्चा दर्पण होता है। वह कमियां बताता है, जनता की नाराजगी से अवगत कराता है और सुधारात्मक सलाह देता है। लेकिन सत्ता के नशे में डूबे नेताओं को यह खरापन अखरने लगता है। स्पष्टवादी कार्यकर्ताओं को विद्रोही या विरोधी गुट का मानकर हाशिए पर धकेल दिया जाता है। उन्हें बैठकों से दूर रखा जाता है, उनके आत्मसम्मान को चोट पहुंचाई जाती है और पांच साल तक उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

### विचारधारा की मजबूरी और घड़ियाली आंसू

लेख का सबसे मर्मस्पर्शी हिस्सा वह है जहां कार्यकर्ता की विवशता उजागर होती है। पांच साल तक अपमान का ज़हर पीने वाला कार्यकर्ता जब चुनाव के वक्त नेता को फिर से अपने द्वार पर गिड़गिड़ाते देखता है, तो वह एक अजीब धर्मसंकट में फंस जाता है। नेता जी की बेशर्मी की पराकाष्ठा देखिए वे फिर से उसी कार्यकर्ता को वरिष्ठ और ज्येष्ठ बताकर गले लगाते हैं। कार्यकर्ता, जो अक्सर अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर विचारधारा को रखता है, नेता के उन घड़ियाली आंसुओं और झूठे आश्वासनों में एक बार फिर अपनी निष्ठा का बलिदान दे देता है। वह अपनी कसमों को भूलकर, फिर से उसी जोश के साथ मैदान में उतर जाता है।

### ठगे जाने का अंतहीन सिलसिला

जैसे ही जीत की माला नेता के गले में पड़ती है, इतिहास खुद को दोहराता है। बिलों में छिपे वे दलाल फिर से बाहर आ जाते हैं और सत्ता की मलाई खाने के लिए नेता के आजू-बाजू मंडराने लगते हैं। निष्ठावान कार्यकर्ता एक बार फिर अपनी पुरानी नियति उपेक्षा और गुमनामीकी ओर धकेल दिया जाता है।

### क्या यही लोकतंत्र का भविष्य है?

आज की राजनीति में निष्ठा एक महंगा सौदा बन गई है। जब तक राजनीतिक दल और उनके शीर्ष नेता चाटुकारिता और जमीनी पकड़ के बीच का अंतर नहीं समझेंगे, तब तक वे जनता के बीच अलोकप्रिय होते रहेंगे। कार्यकर्ता का आत्मसम्मान ही किसी भी संगठन की रीढ़ होती है। यदि रीढ़ ही बार-बार तोड़ी जाएगी, तो संगठन का ढहना निश्चित है। यह विद्रूप चेहरा सिर्फ एक कार्यकर्ता की पीड़ा नहीं, बल्कि हमारे गिरते राजनीतिक मूल्यों का शोकगीत है।

# 97.43 लाख के विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में जनता की आकांक्षाओं, सुविधाओं एवं क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर निर्माण कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है। आज ग्राम रामपुर (ठाठापुर) में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं आजीविका मिशन अन्तर्गत महिला समूह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा ने 97 लाख 43 हजार की लागत से विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने 43 लाख 68 हजार की लागत से बॉक्स कल्वर्ट एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण, 25 लाख की लागत से रानी खेत के पास स्टापडेम निर्माण, गनियारी नाला में 19 लाख की लागत से चेकडेम निर्माण, 8 लाख की लागत से प्राथमिक शाला के पास पुलिया निर्माण एवं 1 लाख 75 हजार की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के गांव–गांव तक विकास पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क, पुलिया, जल संरक्षण, नाली निर्माण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेश साहू, महामंत्री दारा सिंह, जिला मंत्री राघवेंद्र वर्मा, सरपंच गोपाल नेताम, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पिंटू सिंह, श्रीमती रूखमणि खोमलाल कौशिक सहित भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जनवरी के चावल वितरण में देरी, अल्टीमेटम के आखरी दिन भी खाली हाथ लौटे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सहसपुर लोहारा में जनवरी माह के शासकीय चावल वितरण में लगातार हो रही देरी से आमजन की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रहीं। संबंधित अधिकारियों द्वारा राशन दुकानों को दो दिनों के भीतर सभी हितग्राहियों को चावल वितरण पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया गया था, लेकिन आज आखरी दिन होने के बावजूद कई हितग्राही अब भी चावल पाने से वंचित हैं। सुबह से ही विभिन्न राशन दुकानों के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग के लोग घंटों लाइन में खड़े रहे, फिर भी कई लोगों को स्टॉक नहीं आया, सिस्टम बंद है या बाद में आना कहकर लौटा दिया गया। मजदूरी करने वाले परिवारों को रोज काम छोड़कर राशन दुकान आना पड़ रहा है, जिससे उनकी आमदनी पर भी असर पड़ रहा है। सबसे गंभीर शिकायत यह सामने आई है कि कई हितग्राहियों के राशन कार्ड दुकानों में जमा ही नहीं लिए जा रहे हैं। दुकान संचालकों द्वारा तकनीकी कारण या अन्य बहाने बताकर कार्ड लेने से मना किया जा रहा है, जिससे पात्र परिवार वितरण सूची में शामिल नहीं हो पा रहे हैं और शासन की योजना के लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। नगर के कई वार्डों से



मिली जानकारी के अनुसार, कुछ परिवारों के घरों में अनाज पूरी तरह खत्म हो चुका है और उन्हें बाजार से महंगे दाम पर चावल खरीदना पड़ रहा है। इससे गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्थिति की तत्काल निगरानी की जाए, जिन दुकानों में वितरण नहीं हुआ है वहां विशेष व्यवस्था कराई जाए और जिन हितग्राहियों के कार्ड जमा नहीं लिए जा रहे हैं उनकी समस्या का मौके पर समाधान किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि आज भी पूर्ण वितरण नहीं हुआ तो वे आगे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। अब सबकी निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि अल्टीमेटम के आखरी दिन के बाद क्या ठोस कार्रवाई की जाती है और कब तक सभी हितग्राहियों को उनका हक मिल पाता है।

### भाजपा युवा मोर्चा महामंत्रियों का भव्य स्वागत



**पाण्डातराई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में कवर्धा जिले से अमित चंद्रवंशी एवं धनेश्वर जायसवाल को युवा मोर्चा का महामंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के पश्चात नगर पांडातराई में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी के साथ दोनों नवनियुक्त महामंत्रियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, दिनेश गुप्ता, रामू पांडे, प्रमोद गुप्ता, अखिल सोनी, भागीरथी साहू, सुखचैन चंद्रवंशी, हीरवन जायसवाल, राशिद बघेल, भुवनेश्वर जायसवाल, जलेश्वर साहू, तुषार चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## पेज 9 के शेष

### यादव समाज को संगठित होकर ...

भगवान श्रीकृष्ण के वंशजों के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यादव समाज के विकास और उत्थान के लिए सदैव साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई। ये रहे उपस्थितः कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र यदु ने आभार प्रदर्शन करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, नृतक दलों, पदाधिकारियों एवं सामाजिक जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर धमधा राज अध्यक्ष साधु राम यादव, रामसिंह यादव, महासचिव मेघनाथ यादव, कोषाध्यक्ष रविनारायण यदु, सचिव भागीरथी यदु, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. बी.पी. यदु, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डिगेश्वरी यदु सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शालेय रग्बी में ...

रग्बी प्रतियोगिता में तीन खिलाड़ियों का चयन होना पूरे शाला परिवार, ग्राम हसदा और बेमेतरा जिले के लिए गर्व की बात है। यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत के साथ-साथ विद्यालय के खेल वातावरण और निरंतर प्रशिक्षण का परिणाम है।दिल्ली रवाना होने से पूर्व चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने हेतु विद्यालय परिसर में बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**इन्होंने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएंः** इस अवसर पर संस्था प्रमुख जी.पी. सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता दुष्यंत कुमार परगनिहा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्राम हसदा के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से संध्या परगनिहा, बलिराम धीवर (अध्यक्ष, शाला विकास समिति), चंद्रशेखर परगनिहा (सरपंच), ओमप्रकाश सिन्हा (उपसरपंच), रेखा पोषण सिन्हा (जनपद सदस्य), रामेश्वरी साहू (व्यायाम शिक्षक), आकाश वर्मा, होमेश्वरी निर्मलकर, दिलेश्वरी धीवर, पंकज वर्मा, अभिषेक, दीपक, आदित्य, दिलीप वर्मा, मानचंद निर्मलकर तथा संकुल समन्वयक दीपक आडिल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सरकार द्वारा संचालित ...

से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में युवाओं को संगठन से जोड़ने, बूथ स्तर तक भाजयुमो को मजबूत करने, सामाजिक और राष्ट्रहित के कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से संचालित करने की दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी।

**संगठन के लिए सकारात्मक और ऊर्जावान कदमः भाजयुमो कार्यकर्ताः** गौरव यदु की नियुक्ति को लेकर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक और ऊर्जावान कदम बताया है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा जिले में नई सक्रियता और मजबूती के साथ कार्य करेगा, जिससे भाजपा को आगामी राजनीतिक चुनौतियों में लाभ मिलेगा।

### जन चौपालों में श्रमिकों को ....

हुए बताया गया कि जल संरक्षण के माध्यम से भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुरक्षित किया जा सकता है। इस अवसर पर घरों में रिचार्ज पिट निर्माण कर वर्षा जल को भूमि में पुनर्भरण करने की तकनीक एवं उसके लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि रिचार्ज पिट से भू-जल स्तर में वृद्धि होती है तथा पेयजल की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। चौपाल में आजीविका डबरी निर्माण के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि आजीविका डबरी से जल संरक्षण के साथ-साथ मछली पालन, सिंचाई एवं अन्य आजीविका गतिविधियों के लिए पानी उपलब्ध होगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि संभव है। आजीविका डबरी निर्माण हेतु मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इस कार्य में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बालवाड़ी के बच्चों में ...

संवाद एवं खेल माध्यम का उपयोग किया जाना चाहिए। शाला में उपलब्ध चित्र कार्ड, वर्ण कार्ड जैसी सामग्रियों के प्रभावी उपयोग पर भी उन्होंने जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर शीतल बैस ने समावेशी शिक्षा पर चर्चा करते हुए बताया कि आंगनबाड़ी एवं बालवाड़ी केंद्रों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और विविधता को ध्यान में रखते हुए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भी अधिगम प्रक्रिया से जोड़ा जाना आवश्यक है।

समूह कार्य के माध्यम से समावेशी शिक्षण के तरीकों को समझाया गया। मास्टर ट्रेनर भूपेंद्र कुमार साहू ने भी अपने विषय में प्रशिक्षार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता जी.एल. खुटियारे हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य बालवाड़ी के बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर प्रदान कर उनके भाषाई एवं संज्ञानात्मक कौशल को सुदृढ़ बनाना है।

### जिले में लक्ष्य से डेढ़ गुना ...

के प्रमाणित बीज पर्याप्त मात्रा में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगे। इससे न केवल फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके अलावा बीज उत्पादन कार्यक्रम की सफलता से बाहरी स्रोतों पर निर्भरता में कमी आएगी। स्थानीय स्तर पर प्रमाणित बीज उपलब्ध होने से बीज की गुणवत्ता, समय पर आपूर्ति तथा लागत में कमी सुनिश्चित होगी, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### डोंगरीगढ़ में वार्षिक उत्सव एवं पूर्व छात्र सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**कोदवागोडान।** दीनदयाल वनवासी सेवा समिति द्वारा संचालित मां भुवनेश्वरी हाई स्कूल और डॉ. अम्बेडकर बालक छात्रावास डोंगरीगढ़ में गत दिनो वार्षिक उत्सव एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और पूर्व छात्रों ने विद्यालय की स्मृतियों को ताजा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष लोरमी, श्रीमती वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं समाजसेवी दीनानाथ केशरवानी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विद्या भारती शिक्षा संस्थान रायपुर के प्रांतीय संगठन मंत्री, डॉ. देवनारायण साहू ने छात्रों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### 19 थानों से आबकारी के 69 प्रकरण मिले



**भिलाई।** जिले के 19 थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पुलिस ने 69 प्रकरण दर्ज किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए अवैध शराब बेचने, परिवहन, संग्रहण को लेकर अभियान चलाया गया। अभियान में पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर सघन जांच करते हुए आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें थाना खुर्सीपार 5, कुम्हारी 3, जामुल 5, छावनी 5, नेवई 2, वैशाली नगर 6, भिलाई नगर 1, सुपेला 6, दुर्ग 4, मोहन नगर 4, नंदनी 1, धमधा 4, पाटन 4, अमलेश्वर 2, रानीतराई 2, पुलगांव 4, अंजोरा 3, पद्मनाभपुर 3, उतई 5 शामिल है। पुलिस ने अभियान में थाना प्रभारियों, विवेचना और पेट्रोलिंग कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही है।

### माह भर बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र में मिले महिला के शव के मामले में पुलिस को अब तक कोई अहम सुराग हाथ नहीं लग पाया है। शिनाख्त करने के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया पर महिला के फोटो को वायरल भी किया। मगर शिनाख्त करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। पुलिस ने जिले के ग्रामीण व शहरी थानों में लापता की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। महिला का शव कुम्हारी रेलवे ट्रैक के आसपास झाड़ियों में मिला था। शव पूरी तरह से डी-कंपोज हो गया था। शव का शिनाख्त करने पुलिस को मशक्कत करनी पड़ रही है।

### गैंगरेप मामले में अब भी तीन रसूखदार फरार

**भिलाई।** नौकरी का झांसा देकर नाबालिग के साथ गैंगरेप करने के मामले में अब भी तीन रसुखदार पुलिस पकड़ से बाहर है। घटना में 6 आरोपियों ने अंजाम दिया है। पुलिस ने दो आरोपी को शनिवार और रविवार को एक को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि गैंगरेप के मामले में पुलिस ने चौकड़िया पारा, वार्ड 35, जिला राजनांदगांव निवासी गोविंद सिंह नागवंशी को गिरफ्तार किया है। आरोपी दुर्ग के पीडब्लूडी विभाग से सेवानिवृत्त कर्मी है। इसके अलावा निज सहायक रहे बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप, संजय पंड़ित अभी तक पुलिस पकड़ से बाहर है।इन तीनों बड़े रसुखदारों में आते है। नाबालिग के शिकायत के बाद ही तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए है। पुलिस तीनों को पकड़ने के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। लेकिन आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। आठ सालों से नाबालिग के साथ लगातार गैंगरेप करने वालों की जानकारी तक कानोकान किसी को नहीं हो पाई। नाबालिग ने जब न्यायालय का शरण लिया तब पुलिस हरकत में आई और रसुखदारों के खिलाफ कार्रवाई हो पाई। गैंगरेप का मामला सुर्खियों में आते ही रसुखदार कहां गायब हो गए पता नहीं चल पा रहा है।

## प्रतिक्रिया : बुनियादी ढांचा और अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

# केंद्रीय बजट 2026 है विकास, विश्वास और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींवः भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़



केंद्र सरकार द्वारा रविवार को संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 को लेकर जिले में उत्साह और सकारात्मकता का माहौल रहा। भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं संगठन पदाधिकारियों ने बजट को विकासोन्मुखी, जनकल्याणकारी और सर्वसमावेशी बताते हुए कहा कि यह बजट किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग, ग्रामीण-शहरी विकास, व्यापार और उद्योग—सभी वर्गों के लिए नई उम्मीद और नई दिशा लेकर आया है।

पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने कहा कि बजट में सड़क, आवास, उद्योग, निवेश और अधोसंरचना पर विशेष फोकस किया गया है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी कदम है। पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू ने बजट को किसान एवं ग्रामीण भारत के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि कृषि, सिंचाई, ग्रामीण सड़कों और किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े प्रावधान गांवों की तस्वीर बदलेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे।

### ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक क्षेत्र

जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा कि बजट में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देना सराहनीय है, जिससे जमीनी स्तर पर स्थायी बदलाव देखने को मिलेगा।

### जिले के विकास को मिलेगा नया आयाम

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि बुनियादी ढांचे और ग्रामीण आजीविका से जुड़े प्रावधानों से जिले के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### शहरी विकास और मध्यम वर्ग को राहत

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरेंद्र महिलांग ने कहा कि शहरी विकास, स्वच्छता, आवास और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान से शहरों में जीवन स्तर बेहतर होगा। मध्यम वर्ग को राहत देने वाले कदम बजट की बड़ी उपलब्धि हैं।

### व्यापार, एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा

पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बजट को व्यापार और उद्योग के अनुकूल बताया। उन्होंने कहा कि एमएसएमई, स्टार्टअप और छोटे व्यापारियों के लिए की गई घोषणाएं आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत करेंगी।

### युवा शक्ति पर निवेश

पूर्व मंडल महामंत्री मिंटू बिसेन ने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधान युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाएंगे।

### समावेशी बजट, हर वर्ग को लाभ

पूर्व जिला उपाध्यक्ष छन्नू गुप्ता ने बजट को समावेशी बताते हुए कहा कि मध्यम वर्ग और किसानों को इससे प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। वंचित वर्गों तक विकास की पहुंच एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुरमुख भार्गव ने कहा कि बजट में वंचित वर्गों, शिक्षा, कौशल विकास और सामाजिक सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचेगा।

### सामाजिक समरसता और आर्थिक मजबूती को बढ़ावा

वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष फिरतु राम साहू ने बजट को गरीब, किसान और मजदूर हितैषी बताते हुए कहा कि यह सामाजिक समरसता और आर्थिक मजबूती को बढ़ावा देगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास अंत में भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2026 देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित भारत की दिशा में नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला सिद्ध होगा।

## केंद्र का बजट किसान, युवा और मध्यम वर्ग को सशक्त करने वाला : मोंटी साहू



**बेमेतरा।** शहर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं किसान मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मोंटी साहू ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आम बजट का स्वागत करते हुए इसे विकासोन्मुखी, दूरदर्शी और सर्वसमावेशी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। मोंटी साहू ने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि अवसंरचना को मजबूत करने, युवाओं को रोजगार के अवसर देने तथा मध्यम वर्ग को राहत देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। कृषि क्षेत्र के लिए की गई घोषणाएं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सिंचाई, कृषि तकनीक, स्टार्टअप, एमएसएमई और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है, जिससे गांव से लेकर शहर तक विकास की नई राह खुलेगी। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के हर वर्ग के सपनों को पूरा करने का रोडमैप है। मोंटी साहू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग बजट को निराशाजनक बता रहे हैं, वे केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रहे हैं। वास्तव में यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला और आम नागरिक के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाला है। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



# फाल्गुन की हवा में सियासी गर्मी नवागढ़ में कांग्रेस की तंबू-पॉलिटिक्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

- दुकान ने बढ़ाई धड़कन, प्रशासन को मिला 15 दिन का 'होमवर्क', जांच की लंबी लिस्ट थमाई

फाल्गुन शुरू होते ही जहां आमतौर पर रंगों की चर्चा होती है, वहीं नवागढ़ में इस बार राजनीति के रंग चढ़ते नजर आए। सोमवार को कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता जनपद पंचायत के सामने तंबू गाड़कर धरने पर बैठ गए। मुद्दा वही—राजीव गांधी की प्रतिमा के सामने बन रही दुकान। संदेश साफ थाः ईंट-गारे से पहले हिसाब-किताब। धरना स्थल पर माहौल ऐसा रहा मानो जनपद पंचायत के बाहर अस्थायी संसद सत्र चल रहा हो। नारे गूंजे, पोस्टर लहराए और माइक से ऐसे भाषण हुए कि आसपास के दफ्तरों की चाय भी ठंडी पड़ गई।

धरने की अगुवाई पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली मारकंडे और जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी ने की। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ अध्यक्ष अश्वनी अनंत, संबलपुर ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राजपूत और नादघाट ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र साहू कार्यकर्ताओं की मजबूत मौजूदगी के साथ मैदान में डटे रहे। कांग्रेसियों का कहना था कि राजीव गांधी की प्रतिमा के सामने दुकान बनना न केवल अनुचित है, बल्कि इसके पीछे की प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है। मंच से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा—या तो निर्माण रुके, या आंदोलन आगे बढ़े। उनका तंज था कि फाइलों की रफ्तार भले ही कछुआ हो, लेकिन जनआंदोलन की चाल अब तेज हो चुकी है। इसके बाद नवागढ़ के पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे ने माइक संभाला और आरोपों की ऐसी सूची गिनाई कि सुनने वालों को लगा—यह दुकान नहीं, सवालों की पूरी मॉल है। धरना सभा में विजय बघेल और शशि प्रभा गायकवाड़ सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधन दिया। वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या पद के खिलाफ नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमों की किताब खोलने के लिए है। जनता से समर्थन की अपील करते हुए यह भी जोड़ा गया कि कांग्रेस का यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण है, लेकिन इरादों में पूरी तरह सख्त।

### ज्ञापन में लंबी लिस्ट, जांच की 'दस डिमांड'

धरना समाप्त होते ही कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर लौटा। ज्ञापन में जांच की मांगों की ऐसी सूची थी, जिसे देखकर अफसरों को भी कैलकुलेटर और फाइल साथ रखने की जरूरत महसूस हो सकती है। इन मांगों में—राजीव गांधी की प्रतिमा के सामने दुकान निर्माण पर तत्काल रोक, अब तक हुए खर्च का पूरा हिसाब, 1 जनवरी 2024 से जनपद पंचायत के सभी बैंक खातों की जांच, निर्वाचन में कर्मचारियों के वेतन मद के उपयोग की पड़ताल, टैंकर–डस्टबिन–रिक्शा खरीदी से जुड़े पत्राचार, 15वें वित्त आयोग की राशि से हुए भुगतान, पिछले दो वर्षों में मिले ब्याज और उसके उपयोग, वाहन–मशीनरी व अन्य बिलों की जांच तथा अंत में स्वतंत्र और निष्पक्ष ऑडिट शामिल हैं। कांग्रेस नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि यदि 15 दिन के भीतर कार्रवाई शुरू नहीं हुई, तो आंदोलन जिला स्तर तक पहुंचेगा। कुल मिलाकर नवागढ़ में इन दिनों राजनीति का तापमान बढ़ा हुआ है—अब देखना यह है कि पहले निर्माण की रफ्तार थमती है या जांच की फाइलें दौड़ने लगती हैं।

# प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

- भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना, छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत कार्रवाई



धर्म परिवर्तन के आरोप में पुलिस ने दो महिला को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पदुमनगर चरोदा वार्ड 19 भिलाई तीन निवासी रुखमणी पाण्डेय ने पुलिस में शिकायत की है कि वो घरों में खाना बनाने का काम करती है। 25 जनवरी को दो अज्ञात महिलाएं उनके घर पहुंची। मसीह धर्म अपनाने पर बीमारी ठीक होने व आर्थिक सहायता का प्रलोभन दिया देने का आरोप लगाया। सहमति नहीं देने पर वे महिलाएं चली गई थी। फिर दोनों महिलाएं घर आईं और धर्म अपनाने, बाइबिल पढ़ने, आर्थिक सहायता, इलाज, बेटी की शादी में सहयोग करने का प्रलोभन दिया। परिजनों द्वारा विरोध किया और शिकायत पुलिस से करने के बाद महिलाओं की खोजबीन की गई। इस दौरान पुलिस ने खुर्सीपार निवासी सारिका डाडिंगे और कुम्हारी प्रिंयका साइमन को पकड़ा गया। मामले में पुलिस ने धारा 299 बीएनएस, 04 छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# नगर में धूमधाम से मनाई गई गुहा निषाद जयंती

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखमरिया



नगर में निषाद समाज के वंशज एवं भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त गुहा निषाद जयंती हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारीगण, मातृशक्ति तथा बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू रहे। समाज प्रमुख बोधी निषाद (प्रदेश उपाध्यक्ष निषाद समाज) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने की। विशेष रूप से जिला निषाद अध्यक्ष दिलीप निषाद, पूर्व एल्डरमैन अनिल सिंघानिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोशन सिन्हा सहित वार्ड पार्षदों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला निषाद अध्यक्ष दिलीप निषाद ने भक्त गुहा निषाद राज के जीवन, उनके आदर्शों तथा सामाजिक समरसता और समाज की एकता पर प्रकाश डाला। प्रदेश उपाध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निषाद समाज को दी गई सुविधाओं, जैसे छात्रावास भवन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और समाज को संगठित रहने का आह्वान किया।

### निषाद राज के आदर्शों पर चलने की करी अपील

नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल ने कहा कि गुहा निषाद जयंती निषाद समाज के लिए गौरव का दिवस है। उन्होंने युवा वर्ग से समाज को आगे बढ़ाने और निषाद राज के आदर्शों पर चलकर एक श्रेष्ठ समाज के निर्माण की अपील की। उन्होंने नगर विकास में सभी के सहयोग की आवश्यकता भी बताई। कार्यक्रम के पश्चात समाज की मातृशक्ति द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। युवाओं ने डीजे की धुन पर आकर्षक नृत्य करते हुए "जय श्रीराम" एवं "निषाद राज की जय" के जयकारे लगाए। कार्यक्रम के अंत में समाज द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार निषाद ने किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, झूलाराम निषाद, रामावतार निषाद, कमलेश निषाद, नरेंद्र निषाद, मनोज निषाद, गिरधारी निषाद, बलराम निषाद, श्रीमती सुशीला निषाद, परसराम निषाद, घसिया निषाद, रामकृष्ण निषाद, ठाकुरराम निषाद, समयलाल निषाद, पिंटू निषाद, टिकम अग्रवाल, सूरजपाल, पार्षद शरद कुंभकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋषि तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में समाजजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

24 घंटे पहले हुई थी मकान में चोरी

आरोपी घरेलू नौकरानी निकली

# मकान में चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

घरेलू कामकाज करने वाली महिला ने लाखों रुपए का समाना मकान से चोरी किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एचआईजी 57 पद्मनाभपुर निवासी राहुल जैन के मकान से सोने-हीरे के आभूषण चोरी हुई थी। इसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा नेवई निवासी कविता देशलहरे को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए बुलाया। जिसमें उसने चोरी करना स्वीकार किया। उसने बताया कि वो राहुल जैन के मकान में काम करने जाती थी। उन लोगों का उसके प्रति काफी विश्वास हो गया था। इसीका फायदा उठाते हुए उसने वहां चोरी की। पदमनाभपुर पुलिस ने कविता के पास से सोना-हीरे के आभूषण समेत अन्य सामान जब्त किया है। जब्त सामानों की कीमत 20 लाख रुपए है। कार्रवाई में पदमनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### महिला के पास से ये सामान हुआ जब्त

एक हीरे जड़ी सोने की चेन, दो सोने के मंगलसूत्र, एक सोने का नेकलेस, दो कान के झुमके, एक चांदी की करधन, एक बड़ी पायल, एक छोटी पायल, दो बिछिया।

### चोरी के जेवरात खरीदने वाला भी पकड़ाया

पुलिस ने टंकी मरोदा स्थित गोविंद ज्वेलर्स संचालक रमेश सोनी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी कविता ने मकान से चोरी किए गए जेवरातों को रमेश सोनी के शॉप पर बेचा था। आरोपी के पास से पुलिस ने 47 हजार नगदी और सोना चांदी व हीरे के जेवरात भी जब्त किया है।

### सूने मकान में चोरी आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**भिलाई।** श्राध्द कार्यक्रम में गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर गुल्लक से रकम, और जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि वर्षा साहू अपने मकान में ताला जड़कर दादा काशी राम के श्राध्द कार्यक्रम में गई थी। देर शाम घर वापस मानीचौरी आकर देखी तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर घुसकर देखने पर गुल्लक टुटा पड़ा मिला। जिसमें 1500 रुपये, चांदी की चेन 1100 रुपया, मोबाइल 5 हजार, घरेलू कपड़ा 1500 रुपया और कॉलेज का आईडी कार्ड गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद घटना की शिकायत पुलिस से किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले के साथ ही पूछताछ कर रही है।

# ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा सप्ताह में योगदान देने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



ट्रैफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा माह का समापन को कला मंदिर सिविक सेंटर में संपन्न हुआ। इस दौरान 550 स्कूली छात्र-छात्राएं, पालक समाज सेवी पहुंचे थे। हेलमेट व नशे को लेकर वाहन चालको समझाइश देकर जागरूक किया गया। नुक्कड़, नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था। ट्रैफिक पुलिस ने स्कूल, कालेज समेत निजी, सरकारी संस्थानों में पहुंचकर लोगों में जागरुकता लाने का प्रयास किया। एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा ने बताया कि दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग न करना, नशे की हालत में वाहन चलाना, गंभीर हादसों, मृत्यु के मुख्य कारण हैं। आम जनता से अपील की गई कि वे अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें। सड़क सुरक्षा केवल पुलिस विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान बीएसपी इंद्रधनुष टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ट्रैफिक नियमों एवं सड़क सुरक्षा का प्रभावी संदेश दिया। बीएसपी स्कूल सेक्टर-10 व विशेष बच्चों की टीम द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक किया। समारोह में ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा आयोजित रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र,उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। सड़क हादसों की रोकथाम, रक्तदान शिविरों के आयोजन, ट्रैफिक नियमों के प्रति जन जागरूकता फैलाने में अह्म भूमिका निभाने वाली समाजसेवी संस्थाओं, व्यक्तियों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्रीमद भागवत कथा आज से

**खुज्जी।** बड़भूम में महिला समूह एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कल 3 फरवरी से रखा गया है जो आगामी 11 फरवरी तक चलेगा। सरस्वती प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में खामभाट वाले पं उमाकांत शर्मा कथावाचन करेंगे। परायणकर्ता पं सुरेश तिवारी वाले होंगे। कथा का वाचन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक होगा।

### नेत्र और दंत शिविर आज

**जेवरतला रोड।** पिनकापार में निःशुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर कल 3 फरवरी को पंचायत भवन में रखा गया है। स्व धापु बा, शंकरलाल, मेघराज, ज्ञानचंद जैन की स्मृति में मोहनलाल, धरमचंद, भंवरलाल, गुमानलाल जैन ने यह आयोजन रखा गया। उदयाचल नेत्र चिकित्सालय राजनांदगांव के विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया जाएगा। सरपंच ने जनमानस को अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### धौराभांठा में मड़ई 7 को

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम धौराभांठा में आगामी 7 फरवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में संसारगढ़ के कार्यक्रम का मंचन होगा। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी खुमान साहू ने दी।

### 20 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**छुईखदान।** प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के अंतर्गत 5 मृतकों के निकटतम वारिसानों को 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत मामलों में रामपुर निवासी पुनीत यादव, कटंगी निवासी जान्हवी पटेल तथा धरमपुरा निवासी उदित ढीमर की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता दी गई है। संबंधित मृतकों के निकटतम वारिस क्रमशः पिता इंद्रकुमार यादव, पिता रवि पटेल एवं पत्नी श्रीमती मिनेश्वरी हैं। इसी प्रकार ग्राम बांसभीरा निवासी आरती साहू की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर उसके पिता कृष्ण साहू तथा सरईपतेरा के प्रभु मेरावी की कुएं में डूबकर मृत्यु होने पर उसकी पत्नी सुमित्रा को भी चार-चार लाख की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शिक्षकों ने दी बच्चों को उड़ान : संजय

**छुरिया।** मोरकुटुंब में वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, विशेष अतिथि जनक साहू, निर्मला साहू, मयाराम साहू, टीकम साहू, विशाखाबाई साहू थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आज का अवसर भावुक करने वाला हैक्योंकि आज हम उस दीपक को सम्मानपूर्वक विदा दे रहे हैं,जिसने वर्षों तक ज्ञान की लौ जलाया। उन्होंने कहा कि चार दीवारों के भीतर सपनों को उड़ान देने वाले शिक्षक भले ही सेवानिवृत्त हो रहे है पर उनका दिया ज्ञान, संस्कार हमेशा जीवित रहेगा। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया। इस अवसर पर सुरेश शोरी, ज्ञानसिंग शोरी, अशोक सेन सहित अन्य मौजूद थे।

---

श्रेष्ठी कुर्मी समाज धमधाराज का मटिया में वार्षिक अधिवेशन में महत्वपूर्ण निर्णय

# श्रेष्ठी कुर्मी समाज धमधाराज की पहल, शोक के कार्यक्रम में साड़ी बांटने पर रोक, कहा- सादा भोजन ही खिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला




श्रेष्ठी कुर्मी समाज धमधाराज का ग्राम मटिया में वार्षिक अधिवेशन व प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज हित में महत्वपूर्ण निर्णय व कक्षा 10वीं-12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। सचिव समीर वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन व कोषाध्यक्ष अजय वर्मा ने वार्षिक आय-व्यय प्रस्तुत किया।

■ समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी किया सम्मानित

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा समाज के अग्रज हिंदू हृदय सम्राट वीर शिवाजी महाराज एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना व माल्यार्पण कर किया गया। श्रेष्ठी कुर्मी समाज धमधाराज के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नीव है, नींव जितनी मजबूत होगी उतनी जड़े हमारे समाज की मजबूत होंगी। समाज में शिक्षा तथा आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्रों के उच्च शिक्षा पर समाज की ओर से ज्यादा से ज्यादा मदद करने पर जोर दिया। मटिया इकाई के अध्यक्ष प्रेमलाल वर्मा ने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के वार्षिक अधिवेशन में सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होनी चाहिए। वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित नहीं होने पर दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कोसपातर इकाई के अध्यक्ष प्रतिनिधि भरत वर्मा, सिलतरा इकाई के अध्यक्ष घनाराम वर्मा, खजरी इकाई के अध्यक्ष नारायण वर्मा, मटिया इकाई के अध्यक्ष प्रेमलाल वर्मा, मनहरण वर्मा, देवेंद्र वर्मा, संतोष वर्मा, अशोक वर्मा, महेश वर्मा, अनिल वर्मा, प्रदीप वर्मा, द्वारिका वर्मा, जगदीश वर्मा, रामशरण वर्मा, अश्वनी वर्मा, माखन वर्मा, चुल्लू वर्मा, सोनू वर्मा, राजेश वर्मा, महेंद्र वर्मा, पप्पू वर्मा सहित बड़ी संख्या में धमधा राज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

#### एक निश्चित लक्ष्य लेकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें: ओमप्रकाशः

दुर्ग इकाई के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि एक निश्चित लक्ष्य लेकर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े, तो सफलता मिलती है। ये जिम्मेदारी सिर्फ बच्चे का ही नहीं, बल्कि पालक का भी होना चाहिए। विपरीत परिस्थिति में धैर्य से काम ले। प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है, इसलिए नई प्रतिभाओं को पल्लवित करने की जिम्मेदारी समाज की है।

#### बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए यह निर्णय

1. शोक के कार्यक्रम में साड़ी बांटना सख्त मना है।
2. प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के शिक्षा में ध्यान देना।
3. युवाओं को समाज के कार्य में आगे लाने के लिए किया जाएगा पहल।
4. दुख के कार्यक्रम में सामान्य भोजन कराना है, किसी भी प्रकार का विशेष भोजन नहीं रखना है।
5. समाज के सदस्यों के लिए ऋण की राशि 5000 से बढ़ाकर 7000 रुपये किया गया।
6. अगले वर्ष फरवरी 2027 में दुर्ग में वार्षिक महाधिवेशन कराने लिया निर्णय।
7. वैवाहिक योग्य युवक युवतियों के लिए कराया जाएगा विवाह परिचय सम्मेलन।
8. समाज मे सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को सहेजने पर दिया दिया जोर।
9. बच्चों को मंदिर ले जाना, तिलक लगाना जैसे धार्मिक भावनाओं के प्रति जागरूक करना।
10. वार्षिक अधिवेशन में महिलाओं की 70 प्रतिशत उपस्थिति पर दिया जोर।

---

## कलश यात्रा के साथ राम मंदिर में हुआ यज्ञ का शुभारंभ, नगर हुआ राममय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के राम कृष्ण मंदिर परिसर में सोमवार को आस्था, श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत संगम के बीच पर्जन्य यज्ञ का भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा ने पूरे नगर को राममय वातावरण से सराबोर कर दिया। प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार, शंख-नाद और जय श्रीराम के गगनभेदी घोष के साथ कलश यात्रा राम मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा बस स्टैंड, गणेश मंदिर होते हुए मानाबंद तालाब पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिविधान से जल पूजन कर कलश में पवित्र जल भरा। इसके पश्चात कलश यात्रा पुनः राम मंदिर परिसर पहुंचकर विधिवत संपन्न हुई। मार्ग भर भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी। कलश यात्रा एवं यज्ञ अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित रविन्द्र शर्मा के सान्निध्य में संपन्न हुआ। आयोजन के मुख्य यजमान शिवनारण पाठक रहे, जिन्होंने धर्मपत्नी सहित वैदिक विधि से पूजन-अर्चन कर पर्जन्य यज्ञ में आहुतियां प्रदान कीं। यज्ञ के माध्यम से क्षेत्र में उत्तम वर्षा, सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की गई। इस धार्मिक आयोजन में महंत सुरेन्द्र दास, मिंटू बिसेन, लक्ष्मीचंद जैन, बबलू ताम्रकार, के.के. मिश्रा, रामनारायण पाठक, हरिभजन सिंह, खेलन यादव, रामभरोश सिंहा, विनोद मिश्रा, कुमार वर्मा, जिनेन्द्र वर्मा, प्रज्ञान वर्मा, ओम सिन्हा, मुकेश्वर राजपूत, दूजे साहू, भुवनेश्वरी वर्मा, पारी नायक, कवि गायत्री, सुनीति जायसवाल, नूतन सिन्हा, पुनीता पाल, सहोदरा सिन्हा, कौशल्या सिन्हा, बुधारिया रानी गेडाम, भूमि शर्मा, रीतू सिन्हा, पारी, पीहू, प्रहलाद ध्रुव, बसंत विश्वकर्मा, राजेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा।

■ यज्ञ के माध्यम से वर्षा, समृद्धि और जनकल्याण की कामना

#### 10 तक चलेगा कथा एवं यज्ञ का आयोजन

आयोजन समिति ने बताया कि श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 02 से 10 फरवरी तक राम मंदिर परिसर, नवागढ़ में किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः पर्जन्य यज्ञ, पूजन-अर्चन तथा संध्या समय राम कीर्तन किया जाएगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और भक्ति की प्रेरणाएं दी जाएंगी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

---

## धूमधाम से हुआ 90वीं शिव जयंती महोत्सव



**बेमेतरा।** ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा द्वारा प्रभु स्मृति भवन में 90वीं शिव जयंती महोत्सव एवं शिव ध्वजारोहण श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षाविद अवधेश पटेल एवं विशिष्ट अतिथि नोहर साहू ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान शिव ध्वजारोहण, केक कटिंग एवं ब्रह्मा भोजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था प्रमुख बीके शशि दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव अविनाशी शांति और शक्ति के स्रोत हैं, उनसे सच्चा संबंध जोड़कर ही मानव जीवन में परिवर्तन संभव है। उन्होंने सभी से संगम युग में परमात्मा से जुड़कर अपने अवगुणों को त्यागने और सद्गुणों को अपनाने का आह्वान किया। अवधेश पटेल ने जीवन में सकारात्मक सोच, संयम, विनम्रता और नियमित मेडिटेशन को आवश्यक बताया। वहीं नोहर साहू ने कहा कि यदि हम परमात्मा से सच्चा प्रेम करें और आध्यात्मिक ज्ञान को अपनाएं तो जीवन शांति और प्रकाश से भर सकता है। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, उपस्थितजनों को संकल्प दिलाया गया, अतिथियों का सम्मान किया गया तथा ब्रह्मा भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

■ शिव ध्वजारोहण कर दिया शांति व सद्गुणों का संदेश

## माघ पूर्णिमा पर जमात मंदिर में हरी नाम संकीर्तन



**थान खमरिया।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के राधा-कृष्ण जमात मंदिर में श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वाधान में स्व-सहायता महिला समूह एवं दंतेश्वरी महिला मानस मंडली द्वारा भजन-कीर्तन एवं हरी नाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने भगवान शिव एवं भगवान श्रीकृष्ण की महिमा से जुड़े भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे संपूर्ण परिसर एवं नगर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित हो गया। अखंड कीर्तन के दौरान ढोलक, झाल और मंजीरों की मधुर धुन पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन का आनंद लिया।

महिलाओं द्वारा प्रस्तुत भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए सुंदर स्वर में सामूहिक भजन-कीर्तन किया। इस अवसर पर संयोजक अनिल सिंघानिया ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में भाईचारे, सद्भावना एवं आध्यात्मिक शांति को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बताया कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन करने का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महंत वसंत बिहारी दास, गोदावरी मिश्रा, अन्नपूर्णा वैष्णव, मीना नामदेव, संतोषी कुंभकार, ममता यादव, सरोज सिन्हा, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ विदाई समारोह




**नवागढ़।** न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, नवागढ़ में शनिवार को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संचालक गजपाल सिंह खुराना एवं प्राचार्य मनिंदर कौर खुराना द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रों को भावपूर्ण विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभिन्न खेल एवं गतिविधियां आयोजित की गईं तथा चुनिंदा विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भावुक मन से विद्यालय को विदा कहा।

---

## श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ को केवल बाहरी अनुष्ठान नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धि की है प्रक्रियाः श्रद्धा दीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्राम बारगांव में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन सोमवार को कथावाचक वृंदावन से दीक्षा प्राप्त पूज्या श्रद्धा दीदी ने कहा कि श्रीमद् भागवत के 'भ' का अर्थ भक्ति, 'ग' का ज्ञान, और 'व' का वैराग्य है। इन तीनों के द्वारा 'त' यानी तरना (जीवन को विकारों से पार लगाना) संभव होता है। भागवत ज्ञान यज्ञ को केवल बाहरी अनुष्ठान नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धि की प्रक्रिया माना जाता है, जहाँ दिव्य कथाओं के माध्यम से मानव चेतना को ईश्वर से जोड़ा जाता है।

कथावाचक श्रद्धा दीदी ने भगवान गिरिराज के महत्व के बारे में वर्णन करते हुए बताया कि श्री गोवर्धन अपने कई अर्थ लिए दिव्य पर्वत हैं। उन्होंने बृजमंडल में स्थिति भगवान गिरिराज के दर्शनों के लिए उमड़ती विशाल भीड़ की चर्चा करते हुए कहा कि आज गोवर्धन जी भक्तों की सभी मनोकामनायें पूरी करते हैं। गाय के गोबर से निर्मित वेदमंत्रों से प्रतिष्ठित गिरिराज जी की प्रतिमा को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया, जो बाद में भक्तों को वितरित किया गया। वहीं 3 फरवरी को श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह होगा। कथा का श्रवण करने बेरला जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, जनपद सदस्य हीरा देवी वर्मा, पंच बिरेन्द्र साहू, बल्लू साहू, लेखु साहू, गिरवर मानिकपुरी, रमेश साहू, द्रोपती देवांगन, ललिता यादव, राजनंदिनी साहू, उर्मिला रावत, रामकुमार देवांगन, संतोष वर्मा, सहित ग्रामवासी पहुंचे।

## मेट्रन रेखा कविलास के सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला चिकित्सालय में कार्यरत मेट्रन सुश्री रेखा कविलास 31 जनवरी से सेवानिवृत्त होने पर सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू,जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टर ,चिकित्सा अधिकारी,नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडीकल स्टॉफ, सहित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भाव पूर्ण विदाई दी गई।

■ सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन ने सेवानिवृत्त पर किया शाल श्रीफल से सम्मान

यह कार्यक्रम जिला चिकित्सालय के हॉल में आयोजित किया गया था। सीएमएचओ बेमेतरा डॉ अमृत लाल रोहलेडर ने मेट्रन सुश्री रेखा कविलास के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि अपने कार्य का अनुभव का उपयोग आम जन के बीच स्वीकार्य के साथ वे अब अपने घर परिवार को भरपूर समय भी दे पाएंगे। उल्लेखनीय है कि मेट्रन सुश्री रेखा कविलास ने स्वास्थ्य विभाग में लगभग 36 वर्ष अपनी सेवाएं दी। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनू में इनका प्रथम नियुक्ति 1 जुन 1990 से मई 1995 तक सेवाएं प्रदान कर 1 जुन 1995 में सिविल अस्पताल , बेमेतरा जिला बनने के बाद जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पद एवं इंचार्ज पर कार्यरत रहे, फिर जिला चिकित्सालय में मेट्रन पद पर पदभार ग्रहण कर चिकित्सालय सेवा में सम्पूर्ण योगदान रहा। जिला चिकित्सालय में इन्होंने कोविड समय अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए कर्तव्य में हमेशा आगे बढ़कर अपना योगदान दिया। सेवा निवृति पर आयोजित बिदाई एवं सम्मान समारोह पर सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सेवा के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपने सेवा के दौरान सुश्री रेखा कविलास ने अनुशासन के साथ मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई सेवा के दौरान अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए कार्य किये। प्रभारी मेट्रन साजी ,अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु, नर्सिंग स्टाफ गुरु देवांगन,प्रियंका एक्का,दीपांजलि डेनियल, आरती दत्ता,पैरामेडीकल स्टॉफ गीतांजलि, रानी,आदि ने कहा कि जिला चिकित्सालय में मेट्रन सुश्री रेखा कविलास ने स्वास्थ्य विभाग की पहचान सेवाभाव के साथ शालीनतापूर्वक एवं मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई स्वास्थ्य विभाग में संवेदनशील होकर ड्यूटी करनी पड़ती है। इसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। स्वास्थ्य विभाग परिवार की ओर से हम उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करते है।

---

पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू रहे मुख्य अतिथि, विधायक दीपेश साहू ने दी नवदायित्वधारियों को शुभकामनाएं

# तहसील साहू संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




नगर के कर्मा भवन में तहसील साहू संघ, बेमेतरा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि के रूप में तथा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात तहसील साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विधिवत शपथ ग्रहण कर समाज सेवा एवं संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज सदैव मेहनत, ईमानदारी और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठन होता है। जब समाज एकजुट होकर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य करता है, तब वह प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा प्रदान करेंगे।

समाज की मजबूती एकता, संगठन और आपसी सहयोग से ही संभवः विधायक

विधायक दीपेश साहू ने सभी नवदायित्वधारी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि समाज की मजबूती एकता, संगठन और आपसी सहयोग से ही संभव है। तहसील साहू संघ द्वारा आयोजित यह शपथ ग्रहण समारोह समाज को संगठित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत सामाजिक कार्यों से हुई है। समाज ने उन्हें सीखने, आगे बढ़ने और जनसेवा का अवसर दिया। आज समाज के आशीर्वाद से वे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बनकर साहू समाज सहित सर्व समाज की सेवा कर रहे हैं। विधायक साहू ने कहा कि समाज के मार्गदर्शन और सहयोग से भविष्य में भी बेमेतरा को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू, पंचराम साहू, माधोराम साहू, रेखा साहू, नूतन साहू, लक्ष्मी साहू, रीना साहू, शकुंतला साहू, छोटेलाल साहू, नानक साहू, रोहित साहू, कमलेश साहू, जनता साहू, सीमा साहू, संतोष साहू, विशन साहू, मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, डॉ. विनय साहू, पार्षद राजू साहू, ओंकार साहू, राजकुमार साहू, चौवन साहू सहित साहू समाज के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया।

